Live Hindustan

नौकरियों में अल्पसंख्यकों की भागीदारी बढ़ी : नकवी

केन्द्रीय अल्पसंख्यक कार्य राज्यमंत्री मुख्तार अब्बास नकवी ने कहा है कि केन्द्र सरकार विकास के साथ विश्वास का माहौल बनाने में कामयाब रही है। ढाई साल पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अगुवाई में बनी सरकार को विरासत में नाकामी और अविश्वास मिला था। नकवी सोमवार को यहां होटल बीएनआर में कार्यक्रम में बोल रहे थे।

नौकरियों में भागीदारी बढ़ी

उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार की नौकरियों में अल्पसंख्यक समुदाय की भागीदारी बढ़ी है। पहले नौकरियों में इनकी भागीदारी छह प्रतिशत थी, जो बढ़कर 11 हो गई है। साम्प्रदायिक घटना में 180 फीसदी की कमी आयी है। असहिष्णुता की आवाज उठाकर देश का माहौल बिगाड़ने की कोशिश की गई, जिसमें सफलता नहीं मिली।

कश्मीर के लोग देंगे शिकस्त

नकवी ने कहा कि कश्मीर की स्थिति सुधर रही है। कोई बड़ी घटना नहीं हुई है। यहां के युवक आइएएस बन रहे हैं। अर्द्धसैन्य बल में भर्ती हो रहे हैं। कश्मीर के लोग ही अलगाववादी ताकतों को शिकस्त देंगे।

100 **बिल पास किए गए**

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश हर क्षेत्र में विकास कर रहा है। भ्रष्टाचार को कोई मामला सामने नहीं आया। पहले काम कम घोटाले की खबर अधिक सुनने को मिलती थी। संसद में 100 से अधिक बिल पास किए गए हैं।12 गैर जरूरी कानूनों को समाप्त किया गया है।